## करंट के तार में फंसने से हुई थी युवक की मौत

### नदी में मिले शव मामले को पुलिस ने सुलझाया, तीन युवक गिरफ्तार





**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमिहा क्षेत्र में गत दिवस सोन नदी में पत्थरों से बंधे युवक की लाश मिलने के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार युवक की मौत जंगल में शिकार के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आने से हुई थी। जिसके बाद शिकारियों ने उसकी लाश को पत्थरों से बांधकर नदी में फेंक दिया था। मंगलवार को पुलिस ने नदी से लाश बरामद की थी।

देवलौंद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाड़ा गांव के निवासी युवक रवि खैरवार की जब नदी में लाश मिली, तो स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

थाना प्रभारी डीके दहिया ने बताया कि शव पर पत्थर बंधे होने के कारण मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की और ग्रामीणों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि युवक अंतिम बार अपने दोस्त राजेश के साथ देखा गया था। पुलिस ने राजेश की तलाश की, जिसके पैर में चोट लगी थी। पूछताछ के दौरान राजेश ने पुलिस को पूरी घटना का खुलासा किया।

राजेश के अनुसार वह और रवि गाड़ा के जंगल में घूमने गए थे। वहां शिकार के लिए बिछाए गए करंट वाले तार की चपेट में आने से रवि की मौत हो गई, जबकि राजेश के पैर में करंट लगने से चोट आई। डर के मारे राजेश घटना स्थल से भागकर घर पहुंचा और फिर इलाज के लिए रीवा चला गया। राजेश ने पुलिस को बताया कि वह डर की वजह से किसी को कुछ नहीं बता पाया।

पुलिस ने जांच में पाया कि जंगल में शिकार के लिए करंट बिछाने वाले आरोपी जब शिकार की तलाश में पहुंचे तो उन्होंने रवि की लाश देखी और घबरा कर उसे पत्थरों से बांधकर नदी में फेंक दिया। इस मामले में तीन आरोपी दद्दू चौधरी, राम लखन खैरवार और संत राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है।

## कथित बाबा पर युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में रहने वाली एक आदिवासी युवती ने जबलपुर ग्वारीघाट के एक कथित बाबा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती का कहना है कि बाबा उसे आश्रम में खाना बनाने का काम देने के बहाने शहडोल से अमरकंटक होते हुए जबलपुर ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया। युवती किसी तरह वहां से भागकर शहडोल वापस आई। युवती का कहना है कि पुलिस उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। पीड़िता शुक्रवार देर रात तक महिला थाने में बैठी रही। पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की, तो वह वापस अपने गांव चली गई। पीड़िता का कहना है कि कथित बाबा ने उसे धमकी देते हुए कहा मैं जल्द ही राज्यमंत्री बनने वाला हूं, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

महिला सेल के डीएसपी विकास पाण्डेय ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और युवती के बयान की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। डीएसपी के अनुसार, युवती बार-बार अपने बयान बदल रही है, कभी शहडोल में, कभी मेडिकल कॉलेज में तो कभी अमरकंटक में कथित बाबा से मिलने की बात कह रही है। विरोधाभासी बयानों के चलते मामले की गंभीरता से जांच हो रही है। पुलिस को दिए गए आवेदन में युवती ने बताया कि काम की तलाश में मैं शहडोल में भटक रही थी, तभी मेरी मुलाकात ग्वारीघाट के एक कथित बाबा से हुई। बाबा ने बताया कि जबलपुर में उसका बड़ा आश्रम है, जहां मुझे खाना बनाने और सेवा कार्य का काम मिल सकता है, जिसके बदले तनख्वाह भी मिलेगी। इसके बाद मैं बाबा के साथ जाने को राजी हो गई। युवती ने बताया कि उसने अपने घरवालों को बाबा और आश्रम के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद वे भी सहमत हो गए। बाबा उसे शहडोल से अमरकंटक ले गया और वहां एक होटल में रुकाया। रात भर रुकने के बाद अगले दिन वे जबलपुर के लिए रवाना हो गए। अमरकंटक में बाबा ने उसके साथ कोई गलत हरकत नहीं की।पीड़िता के अनुसार, जबलपुर ग्वारीघाट पहुंचने के बाद वह आश्रम के सेवा कार्य में जुट गई। उसने वहां खाना बनाया और सफाई की। पहली रात सब कुछ ठीक रहा, लेकिन दूसरी रात बाबा ने उसे अपने कमरे में बुलाया और छेड़छाड़ करने लगा। वह चिल्लाई, लेकिन वहां कोई नहीं था। बाबा ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल भी छीन लिया।

पीडिता ने आरोप लगाया कि दुष्कर्म के दौरान बाबा ने उसे धमकाया। उसने कहा, %मैं जल्द ही मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बनने वाला हूं। मेरा सीधा संपर्क राजनेताओं से है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अगर, किसी से कुछ बोली, तो तुम्हें जान से मार दिया जाएगा।

## सार-समाचार

### रेत के अवैध परिवहन पर वाहन जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभात पट्टा, खनि निरीक्षक द्वारा बाणगंगा मेन रोड़ सोहागपुर से 02 ट्रैक्टर ट्राली क्रमशः वाहन ट्रैक्टर क्र. स्क्क65क्2521, स्क्क18क्7686 एवं श्री समय लाल गुप्ता खनि सर्वेक्षक द्वारा दिनांक 26.10.2024 को ग्राम नवलपुर के पास से 01 ट्रैक्टर ट्राली जिसका चेचिस क्र. 928014139372 को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर वाहन को मौके से जप्त कर थाना सोहागपुर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया, जिसमें खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### सिद्धा बाबा ने कराई अपने तीन बच्चों को जंगल की सैर, वीडियो हुआ वायरल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जहां पर सिद्धा बाबा अपने बच्चों के साथ जंगलों की सैर कर रहे हैं। सिद्धा बाबा फीमेल टाइगर अपने बच्चों को पूरे क्षेत्र मे विचरण करवा रही है और शिकार करना भी सीख रही है। हालांकि, हर मां अपने बच्चों को कमाने के लिए प्रेरित करती है और जंगल का नियम यह कहता है कि हर मां अपने बच्चों को शिकार करना सिखाती है। इसलिए जंगल की कानून के अनुसार, सिद्धा बाबा अपने बच्चों को शिकार करना और जंगल के चप्पे-चप्पे से अवगत करना सीखा रही है। हालांकि, यह वीडियो कब का है इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। लेकिन यह वीडियो आज यानी बुधवार के दिन तेजी से सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में पर्यटकों के जिप्सी के ठीक सामने से ही एक फीमेल टाइगर जाती है। उसके पीछे उनके बच्चे भी शामिल रहते हैं और वह सड़क को पार करते हुए दिखाई देते हैं, जिसे लोगों ने वीडियो बनाकर और फोटो खींचकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में डाल दिया, जो आज तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर आए दिन वायरल होते रहते हैं।

### एसडीएम ने ग्राम पंचायत खैरानी का किया निरीक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग ने जैतपुर अनुभाग के ग्राम पंचायत खैरानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने ग्राम पंचायत खैरानी में लोगों से चर्चा करते हुए जाति प्रमाण पत्र, खाद्यान्न, ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड बनवाने सहित अन्य योजनाओ से लाभान्वित होने की जानकारी ली तथा कहा कि जिन लोगों के जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड न बने हो तो वे अपना जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड बनावा ले। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए तक का इलाज निन्शुल्क किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सचिव, रोजगार सहायक को निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र लोगों के जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर ने ग्राम पंचायत सचिव से ग्राम पंचायत खैरानी में बनाए गए जाति प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी सहित अन्य किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

### मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से 95 वर्षीय बुजुर्ग घायल

**वारासिवनी, देशबन्धु।** वारासिवनी से डोंगरमाली मार्ग पर दोपहर करीब 2.30 बजे 95 वर्षीय बुजुर्ग सड? हादसे में घायल



हो गए, इसमें बताया जा रहा है कि जानाजी चैधरी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से यह हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दीनी निवासी 95 वर्षीय जानाजी चैधरी अपने किसी जरूरी कार्य से अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल से दोपहर में ग्राम दीनी से वारासिवनी आ रहे थे। जो गा?ी में पेट्रोल डलवाने के बाद ग्राम कोस्ते और सिकंद्रा के बीच अचानक गिर गये। जहां राहगीरों के द्वारा देखा गया कि वह बेहोश हो गए थे जिस पर घटना की जानकारी तत्काल संजीवनी 108 को दी गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर उन्हें उठाकर तत्काल शासकीय सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया। जहां उनका उपचार जारी है इस घटना में उन्हें हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में बाहरी अंदरूनी चोट आई है।

## अंगुली में फैक्चर होने पर पिता को शहडोल जिला अस्पताल किया रेफर

### सौतेले भाई ने पिता-पुत्र पर कुल्हाड़ी से हमला कर किया था घायल



**ब्योहारी, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत साखी के मौहर टोला निवासी सूर्यभान यादव व राजबहोर यादव को सूर्यभान यादव का सौतेला भाई भारत यादव पिता परमेश्वर दीन यादव व ओमकार यादव पिता भारत यादव के साथ मंदिर की साफ सफाई में मंदिर ऊपर वृक्ष कि डाली झूल रही थी, उसी कि कटाई को लेकर बाद विवाद हुआ तो भारत यादव व उसका पुत्र दोनों लोग पीछे कुल्हाड़ी से कातिलाना हमला किया, तभी सूर्यभान यादव पत्रकार बेहोश हो गिर गए, जिन्हें उठाने व बचाने राजबहोर यादव आया भारत यादव व ओमकार यादव उस पर हमला कर दिया।

बाए कन्धे व हाथ उंगली फैक्चर हो गई। सूर्यभान यादव के परिवार के द्वारा 100 नम्बर डायल कर बुलाया गया तो पुलिस 100 डायल के माध्यम से सूर्यभान यादव, राजबहोर यादव, व कुल्हाड़ी से हमला करने वाला भारत यादव को सिविल अस्पताल ब्योहारी में भर्ती कराया गया, जहां सूर्यभान यादव का उपचार के दौरान देखा गया कि सिर के दोनों साईड कुल्हाड़ी से मार गहरा चोट लगा था। डॉक्टर की सलाह में 10 -12 टाँके सिर दोनों लगाये गए थे और सूर्यभान यादव के पुत्र राजबहोर यादव कन्धे के चोट पर दवाई लगा दी गई, साथ ही हाथ कलाई व उंगली का एक्स रे हुआ तो उंगली फैक्चर थी सूर्यभान यादव व राजबहोर यादव को शहडोल जिला अस्पताल रेफर सुबह को किया गया, लेकिन एम्बुलेंस के इंतज़ार में बैठे बैठे शामं हो गई फिर वो सिविल अस्पताल से प्राइवेट वेन 2800 में अपने खर्चे में लेकर 23 अक्टूबर 24 को जिला अस्पताल पहुचे के भर्ती कराया गया जहाँ उनकी डाक्टर के जाँच के बाद, डाक्टरो के द्वारा उंगली में राड डाल आपरेशन किया गया।

## बैंक के सामने हुई लूट का तीन माह में भी खुलासा नही

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में अपराधी घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं, पाली स्थित स्टेट बैंक के सामने से हुई 1 लाख 40 हजार की लूट के आरोपियों को पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है। करीब 3 महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन, पुलिस इस मामले में नाकाम साबित हो रही है।

लूट का यह मामला जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 स्थित स्टेट बैंक के सामने का है। सुरेंद्र कुमार मिश्रा सेंट्रल बैंक से पैसे निकालकर स्टेट बैंक पाली में एनएफटी के फॉर्म लेने गए थे। जैसे ही वह फॉर्म लेकर गेट से बाहर निकले,



तभी बाइक पर सवार दो युवक आए और उनके रुपये से भरा बैग छीनकर भाग गए। बैग में 1 लाख 40 हजार रुपये थे।

इसकी रिपोर्ट 3 महीने पहले थाने में दर्ज हो चुकी है, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा पाई है। जबकि, शहर के हर कोने में सीसीटीवी कैमरे हैं और पुलिस के पास मुखबिर तंत्र के अलावा कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी हैं, जिनके माध्यम से अपराधियों का पता लगाया जा सकता है। इसके बावजूद पुलिस कोई भी ठोस कार्रवाई करने में असफल हो रही है। हालांकि, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है, लेकिन अब तक उन्हें पकड़ा नहीं जा सका है।



## अजगर ने निगला सियार

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में गांव के एक खेत में अजगर ने सियार को निगल लिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की धमोखर परिक्षेत्र के धौरखोह बीट के सलैया गांव में शुक्रवार को अजगर ने सियार को निगल लिया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। टाइगर रिजर्व के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को दूर किया। सियार को निगलने के बाद अजगर जंगल की ओर चला गया। टाइगर रिजर्व के धमोखर परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने बताया कि निगरानी की जा रही है। अजगर ने सियार को निगलने के बाद जंगल की ओर चला गया है। सुरक्षा को लेकर कर्मचारी तैनात हैं।

## उमरिया में जंगली हाथियों का बढ़ा आतंक, फसलों को पहुंचा रहे नुकसान, किसान हो रहे परेशान

**उमरिया, देशबन्धु।** बाघों के लिए प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की बढ़ती मूवमेंट के चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। टाइगर रिजर्व के जंगलों के साथ-साथ आसपास के गांवों और खेतों में भी जंगली हाथियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है,

इस समस्या को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रबंधन लगातार हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में जुटा हुआ है। जंगली हाथियों की मूवमेंट मानपुर बफर से लेकर ताला एरिया सहित पूरे टाइगर रिजर्व में देखी जा रही है। अलग-अलग झुंड में मौजूद हाथी विभिन्न क्षेत्रों



में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**मानपुर बफर क्षेत्र में फसलों को पहुंचा नुकसान-** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र में हाथियों की गतिविधि उर्दना, सेजवही, कुठिया और मझखेता क्षेत्रों में अधिक है। हाथियों का झुंड अक्सर रात के समय खेतों में प्रवेश कर फसलों को कुचल देता है, जिससे किसान मुश्किल में हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वर्तमान में लगभग 60 से अधिक जंगली हाथियों के झुंड विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं। जैसे ही हाथियों के आने की सूचना मिलती है, ग्रामीण और टाइगर रिजर्व के अधिकारी हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए एकजुट हो जाते हैं। हालांकि, इस दौरान भी हाथी किसानों की फसलों को काफी हद तक नुकसान पहुंचा देते हैं।

**प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच चल रही लगातार बैठकें-** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी लगातार ग्रामीणों के साथ बैठकें कर रहे हैं और उन्हें हाथियों से सुरक्षित रहने के सुझाव दे रहे हैं। साथ ही, ग्रामीणों को हाथियों की उपस्थिति की तुरंत जानकारी देने की सलाह दी जा रही है।

## उमरिया में ट्रेन की टक्कर से लकड़बग्घे की मौत

### मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे वन अधिकारी, पाली वन परिक्षेत्र का मामला

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के वन मंडल पाली वन परिक्षेत्र में ट्रेन की टक्कर से एक लकड़बग्घे की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

घटना शनिवार को पाली वन परिक्षेत्र के रामपुर-जीरो ढाबा के बीच डाउन ट् बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में वन्य जीवों का मूवमेंट घटना के बाद डॉक्टरों की टीम ने लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम किया। अनुविभागीय वन अधिकारी दीगेन्द्र सिंह ने बताया कि लकड़बग्घा अनुसूची एक का संरक्षित वन्य प्राणी है और पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। फिलहाल, घटना की जांच की जा रही है। वहीं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे सामान्य वन परिक्षेत्र पाली और घुनघुटी में वन्य प्राणियों का मूवमेंट नियमित रूप से बना रहता है,



जिसमें बाघ, भालू, तेंदुआ, और अन्य वन्य जीव शामिल हैं।

## 25 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

**बालाघाट, देशबन्धु।** मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी है। शनिवार को आबकारी वृत बालाघाट द्वारा ग्राम सुरवाही के जंगल में अलग अलग स्थानों पर 70 बोरियों में भरा हुआ लगभग 2100 किलो महुआ लाहन जप्त कर 02 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। वहीं आबकारी वृत वारासिवनी द्वारा लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम साल्हे, सालेबर्री एवं नेवरगांव में कार्यवाही करते हुए प्लास्टिक के ड्रामों व बोरियों में भरा हुआ लगभग 1560 किलो महुआ लहान एवं 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर 03 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 5,63,750 रूपये बताया गया है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, संदीप श्रीवास, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए, लखन चौधरी, नरसिंह टेकाम, भानु प्रताप, अनिता कुमरे एवं आरिफ खान उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत डिग्घी के भ्रष्टाचार की जांच करने दूसरी बार पहुंची तहसीलदार, मिले कई सुराग

**सिंगरौली, देशबन्धु।** राज्य शासन भोपाल द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र डिग्घी की वर्तमान व तीन पंचायतों मे पूर्व मे भ्रष्टाचार के आरोपों में निलंबित रही सचिव देव कुमारी शाह के किये गए गबन व भ्रष्टाचार की जाँच हेतु कलेक्टर को पत्र लिखा गया था जिसके बाद कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली को जाँच हेतु निर्देशित किया गया था जिसमे उपखण्ड अधिकारी ने तहसीलदार सिंगरौली ग्रामीण प्रीति सिकरवार व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा आरईएस के एसडीओ को संयुक्त



जाँच दल बनाकर जाँच कराने हेतु दल गठित किया गया था।

जिसके तारतम्य मे तहसीलदार प्रिति सिकरवार के नेतृत्व में दूसरी बार जाँच दल मौके पर ग्राम पंचायत डिग्घी मे गया वहाँ पंचायत भवन दूसरी बार भी बन्द मिला तथा भारी भ्रष्टाचार किये जाने का कई प्रमाण मिले। कई निर्माण कार्यों को न कराकर के शासन की राशि को हड़प लिया गया। तीन पीसीसी सड़क की लंबाई चौड़ाई कम पाई गई व उसमे पटरी भराई का भी कार्य नही कराया गया है।चेकडैम व कई पुलिया गुणवत्ताविहीन पाये गए है व एक चैक डेम बह गया है।

निर्माण कार्य बिना आवश्यकता के ही कराकर शासन की राशि बंदरबांट करके हड़प ली गई है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व पंचों ने सचिव देवकुमारी शाह के विरुद्ध मुखर होकर एक-एक निर्माण कार्य की घटिया होने की जानकारी देते हुए कहा कि सचिव कोई भी कार्य पंचायत का नही करती है और न ही पंचायत में कभी आती है उनके पति राकेश शाह उनका कार्य करते है सचिव सिर्फ सरिया सीमेंट की दुकान पर बैठकर दुकानदारी करती है।

पहली बार ग्रामीणजनों को तेज तर्रार ईमानदार तहसीलदार प्रीति सिकरवार के प्रति भरोसा दिखा तथा ग्रामीणो ने उम्मीद व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में निष्पक्ष जाँच होकर सचिव देव कुमारी के आर्थिक गबन व भ्रष्टाचार की जाँच होकर शासन के राशि दुरुपयोग करने तथा अवैध राशि वसूली की कार्यवाही करने तथा डिग्घी पंचायत से निलंबित किया जायेगा। आगे ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार के नेतृत्व में एक-एक कार्यो की बारीकी से जाँच की गई है ग्रामीणों ने तहसीलदार प्रीति सिकरवार व संयुक्त जाँच टीम की सराहना की है। जाँच के द्वारा उपसरपंच व पत्रकार अविनाश पाण्डेय, पंच सुरेश बैश्य, पंच पति आशीष साकेत, सुरेन्द्र जायसवाल, रणबहादुर सिंह, रवि पाल, रमेश यादव, रामविशाले पाल, देवमंन यादव, सुरेश यादव, उनित यादव आदि कई ग्रामीण उपस्थित रहे।